हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)–246174

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

पत्रांक संख्या बी0एड0/एम0एड0/ प्रवे0/2020-22/642
दि0 07/10/2020

बी0एड0 / एम0एड0 –2020

आवश्यक निर्देश (संशोधित)

विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों, श्रीनगर, टिहरी, एवं पौड़ी (स्ववित्त पोषित) एवं विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों / निजी स्ववित्तपोषित में बी0एड0 / एम0एड0 सत्र् 2020–2022 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस वर्ष कोरोना महामारी की स्थिति के कारण बी0एड0 में प्रवेश स्नातक / स्नातकोत्तर में प्राप्त अकों के वरियता सूची के आधार पर की जायेगी तथा एम0एड0 में प्रवेश बी0एड0 / बी0ए0बी0एड0 / बी0एस0सी0बी0एड0 / बी0एल0एड0 अथवा अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 में प्राप्त अकों के वरियता सूची के आधार पर होगी। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म दिनांक 24 सितम्बर, 2020 से भरे जा सकते हैं जो विश्वविद्यालय की निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध होगें–

हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी बी0एड0 / एम0एड0 महाविद्यालयों में प्रवेश के इच्छुक प्रवेशार्थियों को भी विश्वविद्यालय में विधिवत ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन / पंजीकरण के बिना कोई भी अभ्यर्थी किसी भी महाविद्यालय में सत्र 2020–22 में प्रवेश नहीं ले पायेंगे।

www.hnbgu.ac.in
www.online.hnbgu.ac.in

आवेदन शुल्क

(I) सामान्य / EWS / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु	–	रूपये 200=00
(II) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु	–	रूपये 100=00

न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :–

1 – राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन0सी0टी0ई0) द्वारा जारी नवीनतम् प्रवेश नियम के अनुसार बी0एड0 कार्यक्रम में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से कला / वाणिज्य / विज्ञान में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग, जिसमें विज्ञान और गणित की विशेषज्ञता हो, में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिये पात्र होगें।

2 – एम0एड0 कार्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित कार्यक्रमों में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड होने चाहिए– बी0एड0, बी0ए0बी0एड0, बी0एस0सी0बी0एड0, बी0एल0एड0, अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 (प्रत्येक में 50 प्रतिशत अंक)।

3– बी0एड0 / एम0एड0 कार्यक्रम में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग तथा अन्य उपयुक्त श्रेणियों के लिए आरक्षण एवं छूट केन्द्र सरकार / राज्य सरकार, जो भी प्रयोज्य हो, के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

4– बी0एड0 पाठ्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग अभ्यर्थियों के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि में 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

5 – बी0एड0 में प्रवेश हेतु स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियो को प्रवेश की तिथि तक स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

6 – एम0एड0 में प्रवेश हेतु बी0एड0 / बी0ए0बी0एड0 / बी0एस0सी0बी0एड0 / बी0एल0एड0 / अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के लिये भी एम0एड0 में प्रवेश की तिथि तक उक्त परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

आरक्षण :–

1. बी0एड0 कक्षा में प्रवेश के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा केन्द्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (श्रीनगर/टिहरी/पौड़ी) एवं एम0एड0 कक्षा में प्रवेश हेतु श्रीनगर परिसर में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा तथा अन्य सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं निजी स्ववित्तपोषित बी.एड./एम0एड0 संस्थानों में उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा।
2. विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (श्रीनगर/टिहरी/पौड़ी–स्ववित्त पोषित) में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अन्य पिछड़ी जातियों की सूची के अनुसार आरक्षण दिया जायेगा। आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के निर्धारित प्रपत्र के अनुसार ही मान्य होगा।

बी0एड0/एम0एड0 –2020, ऑनलाइन आवेदन हेतु महत्त्वपूर्ण तिथियां :–

1- ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि – **24 सितम्बर, 2020**

2- ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि – **24 अक्टूबर, 2020**

नोट :– यदि अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होती है तो ई–मेल आईडी hnbguegovernance@gmail.com पर (प्रातः 10.00 से सांय 5.00 बजे तक) मेल कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

कुलसचिव